<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं 66/2022)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा ने पंद्रह शहरों और आसपास के क्षेत्रों में नामतः जालंधर, अंबाला, आइजोल, कोंटाई, इम्फाल, किशनगंज, पोर्टब्लेयर, बिलासपुर, ग्वालियर, मेरठ, अहमदनगर, चिकमंगलूर, वारंगल, कटक, कोयंबटूर, दो राजमार्गों मेरठ-आगरा, ग्वालियर-गुना और एक रेल मार्ग रायगढ़ से डोंगरगढ़, में आयोजित ड्राइव परीक्षणों पर रिपोर्ट जारी की ।

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर 2022: ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की सहायता से पंद्रह शहरों और आस-पास के क्षेत्रों में नामतः जालंधर, अंबाला, आइजोल, कोंटाई, इम्फाल, किशनगंज, पोर्टब्लेयर, बिलासपुर, ग्वालियर, मेरठ, अहमदनगर, चिकमंगलूर, वारंगल, कटक, कोयंबटूर, दो राजमार्गों मेरठ-आगरा, ग्वालियर-गुना और एक रेल मार्ग रायगढ़ से डोंगरगढ़, जून 2022 को समाप्त तिमाही में ड्राइव टेस्ट आयोजित किए।

ड्राइव परीक्षण आवाज और डेटा सेवाओं के लिए सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन करने के लिए आयोजित किए गए थे। आयोजित किए गए ड्राइव परीक्षणों का विवरण नीचे दिया गया है;

क्रमांक	शहर	लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (LSA)
1.	जालंधर	पंजाब
2.	अंबाला	हरियाणा
3.	आइजोल	पूर्वोत्तर
4.	इम्फाल	पूर्वोत्तर
5.	कोंटाई	पश्चिम बंगाल
6.	पोर्टब्लेयर	पश्चिम बंगाल
7.	किशनगंज	बिहार
8.	बिलासपुर	मध्य प्रदेश
9.	ग्वालियर	मध्य प्रदेश
10.	मेरठ	उत्तर प्रदेश (पश्चिम)
11.	अहमदनगर	महाराष्ट्र
12.	चिकमंगलूर	कर्नाटक
13.	वारंगल	आंध्र प्रदेश
14.	कटक	ओडिशा
15.	कोयंबटूर	तमिलनाडु
16.	ग्वालियर - गुना राजमार्ग	मध्य प्रदेश
17.	मेरठ - आगरा राजमार्ग	उत्तर प्रदेश (पश्चिम)
18.	रायगढ़-डोंगरगढ़ रेल मार्ग	मध्य प्रदेश

2. क्षेत्र में प्रचालन कर रहे सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया था। आवाज सेवाओं के लिए KPI हैं- कवरेज; कॉल सेटअप सफलता दर(CSSR%); ड्रॉप कॉल दर (DCR%), ब्लॉक कॉल दर(BCR%), हैंडओवर सफलता दर (HOSR%), Rx गुणवत्ता (Rx Qual%)। डेटा सेवाओं के लिए KPI हैं- डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउज़िंग देरी, वीडियो स्ट्रीमिंग देरी और विलंबता हैं।

3. संपूर्ण रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, कृपया, श्री आनंद कुमार सिंह, सलाहकार (क्यूओएस), से दूरभाष क्रमांक +91-11-2323-0404 या ईमेल आईडी: advqos@trai.gov.in पर संपर्क करें।

वि. रघुनंदन

(वी रघुनंदन)
सचिव